आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 गुरूवार 07.05.2026

मुख्य समाचारः—

1— देश आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है—प्रधानमंत्री ने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाले तंत्र को नष्ट करने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता दोहराई।

2— केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का आज किया शुभारंभ।

3— राज्य सरकार ने महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन पंजीयन शुल्क में पचास प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया।

4— छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ताड़मेटला नक्सली हमले में राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए जिला कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

ऑपरेशन सिंदूर—वर्षगांठ

देश आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। पिछले वर्ष सात मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इन हमलों में कम से कम सौ आतंकी मारे गए थे। यह कार्रवाई पिछले वर्ष बाईस अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित बर्बर आतंकी हमले का भारत की ओर से करारा जवाब थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन किया है। उन्होंने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाले तंत्र को नष्ट करने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराया।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि नए भारत की अटूट इच्छाशक्ति, निर्भीक संकल्प और निर्णायक शक्ति का प्रतीक है।

वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल—शुभारंभ

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने नई श्रम संहिता के अंतर्गत चालीस वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए आज राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ किया। नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम—ई.एस.आई.सी. मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन करते हुए डॉक्टर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्ष में देश के कार्यबल और युवा शक्ति के प्रति सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

आज से एक दशक पहले देश में केवल तीस करोड़ लोगों को सोशल सिक्युरिटी का कवरेज मिलता था। लेकिन बारह साल के बाद इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन के डायरेक्टर जनरल ने एनाउंसमेंट करा कि भारत में सोशल सिक्युरिटी कवरेज बढ़ के मोदी गवर्मेंट के प्रयासों से आज देश में चौरानवे करोड़ लोगों को सोशल सिक्युरिटी कवरेज मिल रहा है।

इधर, रायपुर के रावांभाठा स्थित ईएसआई अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बीमित व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कर्मचारी राज्य बीमा निगम—ईएसआईसी के उप संचालक धीरेन्द्र पटनायक ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वंदे मातरम—वैधानिक संरक्षण

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान करने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत संविधान, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करने पर तीन साल की सजा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देश की सांस्कृतिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली विरासत और राष्ट्रभक्ति की भावना को सम्मान देने वाला कदम बताया है।

पंजीयन शुल्क—छूट

राज्य सरकार ने महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन पंजीयन शुल्क में पचास प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। ये प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा। इसके अलावा, सरकार ने सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं के कल्याण को ध्यान में रखते हुए पच्चीस लाख तक की संपत्ति की रजिस्ट्री पर स्टांप शुल्क में पच्चीस प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है।

हाईकोर्ट—ताड़मेटला नक्सली हमला

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने ताड़मेटला नक्सली हमले में राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए जिला कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अदालत ने कहा है कि सिर्फ शक के आधार पर किसी को सजा नहीं दी सकती।

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार दस में ताड़मेटला में हुए नक्सली हमले में छिहत्तर जवान शहीद हो गए थे। इस हमले के बाद कुछ ग्रामीणों को गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसियों द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ कोई सबूत पेश नहीं कर पाने पर जिला कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था।

चावल महोत्सव/आवास दिवस

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज चावल महोत्सव, रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन किया गया। रोजगार दिवस पर ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही रोजगार के नए अवसरों पर कार्ययोजना बनाई गई। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित मामलों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया गया। इसके अलावा जल संरक्षण के लिए "मोर गांव— मोर पानी— मोर तरिया" अभियान के तहत "नवा तरिया आय के जरिया" थीम पर विशेष चर्चा हुई।

सरगुजा/हैंडपंप/बोरवेल

सरगुजा जिले के सुदूर और पहाड़ी कोरवा बसाहटों में पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए एक सौ तेरह हैंडपंप और बोरवेल की खुदाई की जाएगी। जिले के कलेक्टर अजीत वसंत ने जनपद पंचायत के सीईओ सहित संबंधित विभागों से एक महीने के भीतर यह कार्य पूरा करने को कहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में सरगुजा जिले की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत

देशभर सहित छत्तीसगढ़ में आगामी नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। वहीं, इक्कीस से तेईस अगस्त के बीच सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत के माध्यम से भी लंबित मामलों पर सुनवाई की जाएगी। पक्षकारों को अपने लंबित मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल करने के लिए जानकारी सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाईट पर इकतीस मई तक गुगल फॉर्म में देना होगा। अधिक जानकारी के लिए बार रूम के वन स्टाप सेंटर या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

बीजापुर–सिविक एक्शन कार्यक्रम

बीजापुर जिले के मारूड़बाका गांव में पुलिस द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम और चलित थाना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को खेल सामग्री और ड्रेस वितरित की गई। साथ ही ग्रामीणों को उनकी दैनिक उपयोग के सामान बांटे गए।

गांजा–बरामद

महासमुंद पुलिस ने एक करोड़ रूपये से अधिक कीमत का करीब दो क्विंटल गांजा बरामद किया है। इस मामले में सिंघोडा के पास दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी एक मालवाहक वाहन में गांजे की खेप ओडिशा से महाराष्ट्र लेकर जा रहे थे।

आईपीएल मैच–तैयारी

नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आगामी दस और तेरह मई को आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच खेला जाएगा। आईपीएल की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव विकासशील ने कल मंत्रालय में उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

गौरतलब है कि दस मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच तथा तेरह मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला जाएगा।

मौसम

आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रसव के पहले और बाद तथा नवजात शिशु एकीकृत देखभाल के लिए ''जननी'' पहल का शुभारंभ किया है।

– केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा दसवीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा पंद्रह मई से आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

– पेंड्रा के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी को दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने पिछले वर्ष उनतीस सितंबर को धनौली गांव में इस घटना को अंजाम दिया था।

– प्रदेश में किसानों के लिए अनुदान पर कृषि यंत्रों और सिंचाई उपकरणों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। किसान चेम्प्स पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

– रायपुर की कुम्हारी पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार और नकदी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के कुदरी बैराज में डूबे कक्षा ग्यारहवीं के छात्र का शव बरामद कर लिया गया है।

– भिलाई स्थित आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में ग्यारह मई को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर द्वारा बारह मई को जोरा स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>